Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to complete pending irrigation projects in Chatra Parliamentary Constituency, Jharkhand -laid.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): झारखण्ड़ राज्य में 29.74 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि हैं। जिसमें से 24.25 लाख हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य बनाया जा सकती हैं। कुल 943.43 हजार हेक्टेयर भूमि मे ही सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जा सकी है, जो कुल कृषि योग्य भूमि का 31.70 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय औसत 67 प्रतिशत का हैं। राज्य की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 13 प्रतिशत ही सुनिश्चित सिंचाई सुविधा के अंतर्गत आता है । कृषि योग्य भूमि बढाने के लिए राज्य के जल संसाधनों के विकास की बहुत आवश्यकता हैं। राज्य में कई नदियों का प्रवाह होता है, फिर भी राज्य सिंचाई के लिए पानी की कमी से जूझता हैं।

मेरे चतरा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई योजनाऐं उत्तर कोयल जलाशय, औरंगा जलाशय योजना, अमानत बैराज, गरही, मुहाने एवं मलय आदि परियोजनाऐं प्रमुख हैं। इन परियोजनाओं के अलावा, गोलाई, दुलकी, अन्जनवा, मलय, चाको, पिरी, सोनरे, रामघाट, नकटीनाला, घाघरी सहित अन्य कई महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सिंचाई परियोजनाऐं लम्बित हैं।

मैं जल शक्ति मंत्री जी से मांग करता हूँ कि किसानों की आय दोगुना करने के सरकार के सपने को साकार करने के लिए इन लम्बित सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में ठोस कार्यवाही करें।